अध्याय –2 लेखापरीक्षा रूपरेखा

2.1 लेखापरीक्षा उद्‌देश्य

उधमपुर–श्रीनगर–बारामूला रेलवे लाइन परियोजना के निष्पादन की लेखापरीक्षा राष्ट्र एवं जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए, इस रेल सम्पर्क के सामरिक महत्व एवं गम्भीरता को ध्यान में रख कर की गई थी। लेखापरीक्षा का मुख्य केन्द्र बिन्दु इस परियोजना के निष्पादित किए जाने वाले काफी चुनौतीपूर्ण खण्ड उधमपुर–काज़ीगुंड खण्ड की प्रगति पर था, जो की अभी अधूरा था, और पूरी परियोजना के कुल लागत के 80 प्रतिशत में व्यवस्थित था। लेखापरीक्षा प्रक्रिया में सम्बोधित किए जाने वाले मुख्य रूप से निम्न विषय हैं :–

- योजना कार्यनीति
- परियोजना निष्पादन
- वित्तीय प्रबन्धन

2.2 लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र एवं कार्यप्रणाली

परियोजना की स्थापना के वर्ष 1994–95 से लेकर अक्टूबर 2010 तक, इस परियोजना की गतिविधियों की समीक्षा को लेखापरीक्षा के अंतर्गत सम्मिलित किया गया। इस रिपोर्ट मेंशामिल तथ्यो एवं आंकड़ों, लेखापरीक्षा निष्कर्षों की विषय–वस्तु को जुलाई 2012 तक अद्यतन किया गया है। लेखापरीक्षा कार्यप्रणालीके अंतर्गत रेलवे बोर्ड में संबंधित दस्तावेजों, तीन निष्पादित अभिकरणों, जैसे उत्तर रेलवे निर्माण संगठन, कोंकण रेलवे निगम लिमिटेड एवं इरकॉन के कार्यालयों और परियोजना के कुछ चयनित स्थलों की संवीक्षा सम्मिलित है। मुख्यालय एवं चयनित परियोजना स्थलों, दोनों पर ही संबंधित अधिकारियों के साथ सुरंगो,पुलों इत्यादि की विस्तृत समीक्षा पर विचार विमर्श किया गया तथा विभिन्न स्रोतों से प्राप्त प्रासंगिक आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। उत्तर रेलवे निर्माण संगठन एवं कोंकण रेलवे निगम लिमिटेड के अधिकारियों के द्वारा नमूना स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया गया और जहां पर आवश्यकता थी, वहां पर लेखापरीक्षा निष्कर्षों को सिद्ध करने हेतु प्रमाण के तौर पर फोटों चित्रों को लिया गया।

लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर विभिन्न स्तरों पर उत्तर रेलवे निर्माण संगठन, कोंकण रेलवे निगम लिमिटेड एवं इरकॉन के अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया गया। तत्पश्चात लेखापरीक्षा निष्कर्षों को रेलवे बोर्ड को सूचित किया गया (मार्च 2011) और सितम्बर 2011 में प्राप्त उनके उत्तरको परियोजना स्थलों का बार–बार दौरा करके संबंधित दस्तावेजों से सत्यापित किया गया। मंत्रालय का उत्तरतथा उस पर दी गई टिप्पणियों को जुलाई 2012 तक अद्यतन किया गया एवं प्रतिवेदन में उपयुक्त स्थानों पर सम्मिलित किया गया।

2.3 लेखापरीक्षा नमूना

2731 कार्य ठेकों में से 182 महत्वपूर्ण ठेकों को वित्तीय पर्याप्ता, योजना तथा कार्यान्वयन के अन्य महत्वपूर्ण कारकों पर विचार करने हेतु विस्तृत लेखापरीक्षा संवीक्षा के लिए चयनित किया गया।

2.4 आभार

हम लेखापरीक्षा के दौरान रेल प्रशासन की सहायता एवं सहयोग के लिए विशेष रूप से उत्तररेलवे निर्माण संगठन,इरकॉन एवं कोंकण रेलवे निगम लिमिटेड और उनके अधिकारियों द्वारा उधमपुर, श्रीनगर, बनिहाल, रियासी, कटरा,संगलदान, दिल्ली और मुम्बई में उनके द्वारा प्रदान किए गएसहयोग एवं सहायता के लिए आभार प्रकट करते हैं।